# ANNUAL REPORT

## 2021-2022

**UDAY THE RISING SHIKSHA PRASAR EVAM SAMAJ KALYAN SAMITI**

**i.t.i. ke peechhe sikarwar health club ke pass subhash nagar morena**

**MOB. No.-9752280840,EMAIL ID udaytherising04@gmail.com**

अध्यक्ष की कलम से ......................

संस्था का वर्ष 2022का वार्षिक प्रतिवेदन आपके हाथ में देते हुए हर्ष हो रहा है संस्था अपने प्रयासों का विस्तार देने सफल हुई है हमने इस वर्ष स्वास्थ्य शिक्षा पर्यावरण रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला शसक्तिकरण की दिशा में प्रयास किये जिनमें कुछ सफलतायें मिली व कई जगह असफलता का भी सामना करना पड़ा।

मध्यप्रदेश मे विकास की दिशा ओर दशा का गहराई से विश्लेषण करें तो विकास के नाम पर खर्च तो बहुत दिखाई देता है पर बदले में नतीजे बहुत सुखद नहीं है विकास की इस दिशा को हम विकास की त्रासदी कह सकते है ग्रामीण विकास का लाभ आम ग्रामीण के पास न पहुंच व्यवस्था दलालों के हिस्से में जारही है उधर शहरों में समारोही विकास प्रशासकीय मनमानी और फिजुल खर्ची के शहरी विकास का एक ऐसा साम्राज्य बड़ा हो रहा है जिसमें स्थानीय व्यापार उद्योग तथा जन जीवन एक अंधी भागमभाग है।

प्रदेश की अधिकांश आबादी गांवों में रहती है उसमें भी बडा हिस्सा आदिवासी गांवों का है आदिवासी गांवो का अर्थशास्त्र शरीर श्रम जंगल, जमीन खेती, बकरी, और मुर्गा, पर आधारित है वही अन्य भागों का अर्थशास्त्र व्यापार खेती पशुपालन सट्टा और शराब पर आधारित है उनके पास न तो बैल–जोडी रखने की हैसियत है न ही ट्रैक्टर रखने की साधनों के अभाव में खेती की उत्पादकता लंगडी–लूली हो गई है सरकार या मंशा नही है आदिवासी टपरों में मोबाइल पहुंचे तो है पर पानी बिजली नहर घर की पहुंच नही है।

संस्था अपने समस्त संसाधनों का प्रयोग ऐसे ही गांवो को समग्र विकास की प्रयोग भूमि बनाने के लिये संकल्पित है।

अध्यक्ष
उदय–द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं
समाज कल्याण समिति, दुर्ग

संस्था का कार्यक्षेत्र

## 1. सांस्कृतिक कार्यक्रमः–

संस्था उदय –द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा विगत कई वर्षो से सांस्कृतिक कायकमों का आयोजन कर रही है। इस कार्यकम के माध्यम से कवि सम्मेलन, डान्स प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता आदि का आयोजन संस्कृति संचालनालय भोपाल से अयोजित किया जाता है। सांस्कृतिक कार्यकम के माध्यम से बालक बालिकाओ द्वारा एक मंच प्रदान कर उनको एक नई दिशा प्रदान कर रही है ।

## 2.पर्यावरण कार्यक्रम :–

संस्था उदय –द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति,मुरैना द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने व ग्राम वडागॉव मुरार में दिनांक–05.5.2021 में वृक्षारोपण का कार्य करने हेतु प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी 145 पेडों का संकल्प लिया है परन्तु 51 पेडों को संस्था के द्वारा लगाया गया एवं 105 वृक्षों का वितरण किया गया । और विभिन्न जगहो पर वृक्षारोपण का आयोजन किया गया ।

## 3. जरी एवं जूट प्रशिक्षण कार्यक्रम–

संस्था उदय –द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति के द्वारा हजीरा ग्वालियर में जरी एवं जूट का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहॉ महिलाओं ने जूट कपड़े से विभिन्न प्रकार के जूट बैग तैयार करना सीखा। इस प्रशिक्षण में महिलाओं ने जूट कपड़े से बैग बनाने के अतिरिक्त उन पर लेस व छपाई के कई प्रकार से डिजायन बनाना सीखा। जूट बैग के अतिरिक्त जूट कपड़े से मोबाइल कवर, बोतल कवर, फाइल कवर और भी कई सामान बनाना सिखाया गया। जरी के अन्तर्गत कपड़े पर विभिन्न प्रकार की कढ़ाई जो जरी से की जाती है वह अलग–अलग तरीके से जरी का कार्य सिखाया गया।

अध्यक्ष / सचिव
उदय–द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति

4. नशा मुक्ति शिविरः–

युवकों में बढती हुइ नशे की लत को समाप्त करने के लिये संस्था द्वारा नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में बताया गया कि नशा नाश की जड़ है। परिवार का विघटन होता है, साथ ही शरीर क्षीण होता है, "नशा छुडायें" संस्था द्वारा दवा का निःशुल्क वितरण कर नशा छोडने का संकल्प दिलाया गया इसमें 80 लोगों की उपस्थिति रही ।

5. सांइस एण्ड टेक्नॉलोजी कार्यक्रम–

संस्था उदय –द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति के द्वारा एक सांइस एण्ड टेक्नॉलोजी कार्यक्रम का आयोजन संस्था द्वारा रिलीजस कॉन्वेट स्कूल मुरैना में किया गया था जिसमें संस्था सचिव द्वारा वर्तमान समय में मनुष्य के द्वारा सांइस एण्ड टेक्नॉलोजी के उपयोग से कई लाभ की जानकारी दी गई। इनके दुर्पयोग न करने की जानकारी एवं दुर्पयोग से होने वाली हानि की जानकारी दी गई।

6. बेटी बचाओ सेमीनार–

संस्था उदय –द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति के द्वारा ग्राम वडेगॉव दिनांक –21.10.2021 को कार्यकम का आयोजन किया गया और इस कार्यकम की मुख्य अतिथि शोभा यादव ने अपने उदवोधन में बेटीओं पर होने वाले कई अपराधों से बचने एवं उनके अधिकारों का उपयोग करने सम्बंधी कार्यक्रम के माध्यम से जानकारी प्रदान की । संस्था सचिव द्वारा बेटिओं को अधिक से अधिक पढ़ाने के लिये, उनके स्वास्थ के लिये, उनके अधिकारों के लिये जानकारी दी गई। और आज के समय में किसी महिला को डरने की जरूरत नही ।

7. ब्यूटीपार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम–

संस्था उदय –द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति के द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से समय समय पर ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह व्यूटीपार्लर पाताली हनुमान एवं कॉच मील में प्रशिक्षण दिया गया । जिससे कि

अध्यक्ष/सचिव
उदय–द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं
समाज कल्याण समिति, मुरैना

महिलाऐं प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं ब्यूटी पार्लर खोलकर अपनी जीविका प्राप्त कर सकती हैं।

## 8. ओल्ड ऐज हेल्थ होम–


संस्था उदय –द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति के द्वारा ओल्ड एज हेल्थ होम का आयोजन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है जिसमें वृद्वो के रहने की व्यवस्था की जाती है ।

## 9.योगा प्रशिक्षणः–



संस्था उदय –द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा दिनांक – 15.04.2021 से दिनांक 20.06.2021 को योग प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन किया गया और यह कार्यकम सुवह –07.11 से 09.00 तक दिया जाता है । योग के माध्यम से स्वस्थ रहने की अद्भुत कला है, निरोगी काया जीवन का पहला सुख है, महापुरूष बाबा रामदेव की यह बहुत बड़ी देन है। अब विश्वभर में 21 जून को योग दिवस का आयोजन किया जाता है, समिति वर्ष में दो बार प्रशिक्षण व्यवस्था कर रोग रहित समाज को जागृत करने का प्रयास कर रही है।

## 10. हस्तशिल्प एवं कौशल विकास कार्यक्रम–



संस्था उदय –द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति के द्वारा कई वर्षों से हस्तशिल्प स्वसहायता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अप्रेल से मार्च तक प्रतिवर्ष किया जाता है। जिसमें 80 से 100 महिलाओ को प्रशिक्षित किया जाता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुरार एवं हजीरा, महेश पुरा, लाल टिपारा आदि कई जगहों हस्तशिल्प को वढावा देने हेतु प्रशिक्षण एवं जन

जागरूकता अभियान चलाया जाता है।

11. <u>सड़क सुरक्षा कार्यक्रमः</u>–

संस्था उदय –द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत यातायात के नियमों के बारे में रैली, संगोष्ठी आदि के माध्यम से जनजागरूकता का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें तीन स्कूलों के लगभग 60 बच्चों ने भाग लिया।

12. <u>कोविड– 19 जागरूकता अभियान</u> :–

संस्था उदय –द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा सम्पूर्ण भारत में फैली महामारी कोविड–19 से बचाव हेतु संस्था द्वारा विभिन्न गतिविधियां की गई जिसमें गतिविधियां निम्नानुसार है–

1. जागरूकता वेबिनार
2. मुफ्त खाना वितरण
3. सेनेटाइजर एवं मास्क वितरण

संस्था सचिव हरिओम शर्मा  एवं अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि कोविड से बचाव के लिये मास्क लगायें, 2 गज की दूरी बनाये रखें, समय–समय पर हाथ धोना एवं भीड़ वाली जगह पर न जायें और कम से कम संख्या में भीड़ जमा न होनें दे ।

"मास्क और दो गज की दूरी का रखो ध्यान!
यही है कोरोना का समाधान" !!

12. <u>मुफ्त खाना, मास्क एवं सेनेटाइजर वितरण</u> :–

संस्थासमाधान जनसेवा एवं शिक्षा प्रसार समिति,ग्वालियर द्वारा दिनांक 1 मई 2021 से जून माह तक वडा गॉव, मुरार ,बारादरी  आदि जगह मुफ्त खाना वितरण किया गया । जो कि काविड–19 के समय सम्पूर्ण भारत में 25मार्च से सम्पूर्ण लोकडाउन होने के कारण लोगो को काम के प्रति

अध्यक्ष/सचिव
उदय–द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति मुरैना

समस्या उत्पन्न हुई जिसके कारण परिवार की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव पड़ा । संस्था द्वारा कई परिवारों को निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की एवं कई लोगो को रोजगार हेतु मार्गदर्शन भी दिया ।

सचिव